केंद्रीय विद्यालय तिरोड़ी

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान
वार्ड क्र.15, शा.उ.मा.वि.पुराना भवन तिरोड़ी म.प्र. 481449

KENDRIYA VIDYALAYA TIRODI

An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India
Ward No. 15, GHSS OLD Building Tirodi M.P. 481449
Tel. No.- 07630-299365; Website: tirodi.kvs.ac.in
Email Id- tirodi@kvsrojabalpur.in

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

फ.क्र.1/के.वि.ति./प्रवेश/2025-26/ दिनांक – 20-03-2026

प्रवेश सूचना 2026-27

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 20.03.2026 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 02.04.2026 तक होगा| प्रवेश संबंधित विवरण वेबसाइट https://kvsangathan.nic.in/en/admission/ के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है|

कक्षा पहले के लिये ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक : https://admission.kvs.gov.in है|

कक्षा पहली में प्रवेश के लयी न्यूनतम आयु 06 वर्ष होनी अनिवार्य है| सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2026 के अनुसार होगी| कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के. वि. सं. के प्रवेश दिशा-निर्देशों 2026-27 के अनुरूप होगा|

कक्षा दूसरी एवं उससे ऊपर की कक्षाओं में, स्थान रिक्त होने पर ही, प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 02.04.2026 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 08.04.2026 सायं 04:00 बजे तक ऑफलाइन मोड (Offline Mode) द्वारा किया जा सकेगा| विधिवत भरे हुए फॉर्म को केंद्रीय विद्यालय तिरोड़ी के कार्यालय में जमा करवाना होगा|

कक्षा दूसरी और उससे ऊपर के लिए प्रवेश और पंजीकरण प्रपत्रों के बारे में सभी जानकारी विद्यालय की वेबसाइट https://tirodi.kvs.ac.in/ पर की जाएगी, इच्छुक अभिभावक कृपया विद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें | प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 में लिखित नियमों के अनुरूप किया जायेगा|

कक्षा-1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के समय अभिभावक सेवा श्रेणी (Service Category) का चयन सावधानीपूर्वक करें, साथ ही अभिभावक पता, जाति और अन्य दस्तावेजों के प्रमाण के अनुरूप ही पंजीकरण फॉर्म प्रविष्टियाँ भरें| यदि संवीक्षा (Scrutiny) के अंतर्गत गलत/ भ्रामक जानकारी पाई जाती है तो केंद्रीय विद्यालय संगठन में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान / पश्चात् ही प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा|

प्राचार्य/ प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाये जाने पर, निर्धारित समय अन्तराल में ही संपर्क करें|

प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट https://tirodi.kvs.ac.in/ और सूचना पटल का अवलोकन करें|

चित्रसेन ठाकरे
(प्राचार्य)

प्राचार्य/PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
तिरोड़ी (म.प्र.) /Tirodi (M.P.) 481449